भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.04.2025

## आरेडिका महाप्रबंधक ने कुल्लु–मनाली एवं मणिकरण भ्रमण दल को हरी झण्ड़ी दिखाकर का किया रवाना।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली से कर्मचारी हित निधि के माध्यम से रमणीय स्थल कुल्लु–मनाली एवं मणिकरण भ्रमण हेतु दिनांक– 21.04.2025 से 27.04.2025 तक 7 दिवसीय कर्मचारी भ्रमण शिविर का आयोजन कार्मिक विभाग के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के 70 कर्मचारियों का दल भ्रमण हेतु जा रहा है। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने कर्मचारी शिविर दल को शुभकामनाएं देते हुए हरी झण्ड़ी दिखा कर रवाना किया।

महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि ऐसे कर्मचारी भ्रमण शिविर रेल कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। आपसी सामंजस्य की भावना एवं मिलजुल कर कार्य करने की शैली विकसित करते हैं। सामाजिक तथा सांस्कृतिक सदभाव को बढावा देने वाले होते हैं, क्योंकि लोगों को विभिन्न संस्कृति एवं सामाजिक रीति रिवाजों से परिचित होने का अवसर मिलता है।

आरेडिका प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को आरेडिका से लखनऊ तक आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था की गयी है, आगे लखनऊ से चण्ढीगढ़ तक का सफर रेलगाड़ी द्वारा तय किया जाएगा, तथा चण्ढीगढ़ से मनाली एवं अन्य गंतव्य स्थानों का सफर सड़क मार्ग के माध्यम से पूरा किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी लोगों के रहने एवं खान पान की समुचित व्यवस्था की गयी।

आरेडिका के सभी कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियानों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। आरेडिका प्रशासन ने कहा कि ऐसे कर्मचारी भ्रमण शिविर रेल कर्मचारियों के लिए आगे भी भविष्य में आयोजित किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

21.4.2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी